प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
18.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के शहरी स्थानीय निकायों के क्षेत्र में राजकीय पाठशालाओं के वरिष्ठ माध्यमिक सैक्शन्स को को–एजुकेशनल बनाया जाएगा। कल देर सांय शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ऐसे स्कूलों का युक्तिकरण करेगी जहां विद्यार्थियों का नामांकन कम है और नजदीक ही समान स्तर का अन्य स्कूल कार्यशील है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर और शिक्षा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

एच.आर.टी.सी

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ने पंजाब में बंद चल रहे रात्रि ठहराव के 20 रूट आज से बहाल कर दिए हैं। निगम के प्रबंध निदेशक निपुण जिंदल की अध्यक्षता में कल हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि पंजाब में कुछ शरारती तत्वों द्वारा एचआरटीसी की बसों पर हमला कर इनमें आपत्तिजनक शब्द लिख गए थे जिसके बाद सरकार ने सुरक्षा की दृष्टि से 20 रूट अस्थाई तौर पर बद कर दिए थे।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय क्षेत्रों में किसानों को नौतोड़ देने के निर्णय व राज्य में लागू वन संरक्षण अधिनियम 1980 को सस्पेंड करने की सिफारिश के प्रस्ताव के संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्यपाल से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 5 के चलते राज्यपाल के पास है विशेष अधिकार है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के पास जमीन बहुत कम है, जिसके कारण बेरोजगारी बहुत है और लोग पलायन को मजबूर हो रहे हैं।

गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे है । इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है।

प्रदेश में स्थित विभिन्न गिरिजा घरों में भी गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

विश्व विरासत दिवस

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है– विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट। ये दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए 18 अप्रैल को मनाया जाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी संरक्षित स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है।

आवेदन तिथि

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्नातक ओर स्नातकोत्तर स्तर के कोर्सों के लिए 10 व 11 मई को प्रवेश परीक्षा ली जाएगी।

गेहूं खरीद

ऊना जिला में किसानों की गेहूं की फसल के लिए सरकारी अनाज मंडी गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले के दो स्थानों रामपुर और टकारला में अनाज मंडी खोली गई है। कृषि उपज मंडी के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले की इन दोनों अनाज मंडी में गेहूं की खरीद का काम शुरू कर दिया गया है जो 15 जून तक जारी रहेगा।

बोवेन थेरेपी

चम्बा जिला के चमीनू गांव में स्थित एचटूओ हाउस में पहाड़ ट्रस्ट की ओर से आस्ट्रेलियन हेल्थ कॉलेज ऑफ वाइब्रेंट थैरेपीज तथा नाट ऑन मैप संस्था के साथ मिलकर महिलाओं को बोवेन थेरेपी का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य फैसिलिटेटर बिमला राव रहीं जो कि आस्ट्रेलियन हेल्थ कालेज ऑफ वाइब्रेंट थैरेपीज की संस्थापक हैं। इस दौरान प्रतिभागियों ने 21 दिन के प्रशिक्षण के दौरान बोवेन थेरेपी के अलग–अलग तरीकों व तकनीक को सीखा। बिमला राव ने कहा की आज की भागदौड़ भरी जिन्दगी में ये थेरेपी काफी लाभदायक साबित हो रही है और इसके के माध्यम से मनुष्य के शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।